# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 04.08.2024 समय : 0705

<><><><><><><><>

- प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत टुसनाबाद सामुदायिक हॉल में कैम्प कोर्ट का आयोजन किया गया।
- जेल सचिव बी.एस. जगलान ने प्रातरापुर जिला कारागार का निरीक्षण कर नए बैच के लिए सिलाई पाठ्यक्रम का उदघाटन किया।
- दक्षिण अण्डमान जिला स्वास्थ्य सोसाइटी की ओर से बाथूबस्ती में टीबी और गैर–संचारी रोगों के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया।
- द्वीपों में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषि सचिव बी एस जगलान की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।
- एम वी स्वराजद्वीप सात अगस्त को शाम चार बजे पोर्ट ब्लेयर से कोलकाता के लिए रवाना होगा।

<><><><><><><><>

प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत दक्षिण अण्डमान जिला प्रशासन की ओर से टुश्नाबाद सामुदायिक हॉल में कैम्प कोर्ट का आयोजन किया गया। जिला उपायुक्त अर्जुन शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में एसडीएम विनायक चामड़िया और अन्य राजस्व कर्मियों ने भाग लिया। बैठक में ग्राम पंचायत के विकास से जुड़े कई मुददों को सामने लाया गया, इनमें हाबड़ीपुर में डेढ़ किलोमीटर लम्बे सड़क का विकास, रांची बस्ती सामुदायिक हॉल की मरम्मत के लिए कोष उपलब्ध कराने, ओग्राब्रांज में विद्युत विभाग के उप केन्द्र के लिए भूमि का आबंटन करने, स्कूल मैदान में मिनी स्टेडियम का निर्माण करने, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र टुसनाबाद से जारवा वार्ड को स्थानांतरित करने जैसे कई मुददे शामिल थे। जिला उपायुक्त ने इस मामले को उचित मंच पर उठाने और इसका समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि दक्षिण अण्डमान जिला प्रशासन की ओर से सभी डिमार्केशन और म्यूटेशन से जुड़े कार्यों को ऑनलाइन प्रणाली के साथ एकीकृत किया गया है। आम जनता इस ऑनलाइन सेवा का लाभ उठा सकती हैं। मगरमच्छ की समस्या पर आम जनता की गुहार पर जिला उपायुक्त ने वन विभाग को मगरमच्छ प्रभावित क्षेत्र में घेराव करने का निर्देश दिया।

पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों के साथ बैठक में पर्यटन के विकास के लिए महुआ डेरा रोड को विकसित करने का मुददा रखा गया। टुसनाबाद के प्रधान ने क्षेत्र में पेट्रोल पम्प स्थापित करने का अनुरोध किया। जिला उपायुक्त ने आम जनता तथा अभिभावकों से शराब तथा अन्य नशीले पदार्थों का सेवन करने वालो पर निगरानी रखने को कहा, ताकि इसके दुष्प्रभाव के चुंगल से बच्चे सहित अन्य लोग बच सके। उन्होंने सभी से अनुशासन बनाए रखने को कहा।

इस बीच कैम्प कोर्ट की समाप्ति के बाद ग्रामीण विकास सचिव अर्जुन शर्मा ने छोलदारी गांव में कचरा प्रबंधन क्लस्टर का निरीक्षण किया। सचिव ने ठेकेदार को तुरन्त कचरों का निपटान करने को कहा। उन्होंने पंचायत सचिव से इस क्लस्टर की प्रगति का रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर देने को भी कहा।

<><><><><><><><>

जेल सचिव बी.एस. जगलान और महानिरीक्षक प्रीजन मोहम्मद इरशाद हैदर ने जिला कारावास प्रातरापुर का हाल ही में निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कैदियों के लिए कारावास के भीतर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया गया। कैदियों से मुलाकात की गई और उनकी समस्याएं सुनी गई। इस अवसर पर जेल में नए बैच के लिए सिलाई पाठयक्रम का उदघाटन किया गया। गैर सरकारी संगठन जन शिक्षण संस्थान के सहयोग से इस पाठयक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसके जरिए कैदियों का कौशल विकास किया जाएगा और जेल से छूटने के बाद इस तरह के प्रशिक्षण उनके पुनर्वास में सहयोग देंगे।

<><><><><><><><>

दक्षिण अण्डमान जिला स्वास्थ्य सोसाइटी की ओर से स्वास्थ्य सेवा निदेशालय और वार्ड नंबर उन्नीस के पार्षद के समन्वय से बाथूबस्ती पार्षद कार्यालय में टीबी और गैर–संचारी रोगों के लिए जागरूकता और सक्रिय केस–फाइंडिंग अभियान चलाया गया। टीबी का पता लगाने और रोकथाम को बढ़ाने के उद्देश्य से की गई इस पहल में सफाई कर्मचारियों, विक्रेताओं और उच्च जोखिम वाले समूहों पर ध्यान केंद्रित किया गया। अभियान में उच्च जोखिम वाले कुल चौरासी व्यक्तियों की जांच की गई। इसमें टीबी के लक्षणों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए जानकारी दी गई, जैसे तीन सप्ताह से अधिक समय तक

लगातार खांसी, खून या थूक के साथ बलगम, सीने में दर्द, बिना किसी कारण के वजन कम होना, थकान, बुखार और रात में पसीना आना, और भूख न लगना, रोकथाम और शीघ्र निदान के महत्व की जानकारी दी गई। इस अवसर पर, वार्ड नंबर उन्नीस के पार्षद वी. वेत्रिवेलु ने इस तरह के शिविर का आयोजन करने के लिए जिला स्वास्थ्य सोसाइटी के प्रति आभार व्यक्त किया।

<><><><><><>

द्वीपों में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषि सचिव बी एस जगलान की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कृषि निदेशक अभिषेक गुलिया, क्यारी के प्रभारी निदेशक डॉ. जय सुंदर, वैज्ञानिक पूजा बोहरा और कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक रमेश कुमार उपस्थित थे। किसानों की आय बढ़ाने, उपज में सुधार, सभी के लिए स्वस्थ भोजन और पर्यावरण लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वीपों में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर ध्यान केन्द्रित कर रहा है। प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए विभाग द्वारा कई कदम उठाए जा रहे हैं। सभी अंचलों में किसानों के खेतों में नीमास्त्र और जीवामृत को तैयार करने पर लगभग ढाई सौ निदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि संबंधित हितधारकों के सहयोग से किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करने लिए राज्य स्तरीय कार्यशाला और सेमीनार भी आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><>

मत्स्य विभाग की ओर से किसानों को मीठे पानी के मछलियों के बीजों का वितरण किया जाएगा। इच्छुक मत्स्य कृषकों को सात अगस्त दिन में ग्यारह बजे से हम्फ्रीगंज ग्राम पंचायत कार्यालय और नौ अगस्त को बिडनाबाद ग्राम पंचायत कार्यालय में बीजों का वितरण किया जाएगा। मत्स्य कृषक मौके पर एक सौ पैंतीस रूपये प्रति पैकेट का भुगतान कर बीज खरीद सकते हैं।

<><><><><><>

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आयोजित विशेष लोक अदालत कल संपन्न हो गई। यह लोक अदालत नई दिल्ली में उन्तीस जुलाई से तीन अगस्त तक आयोजित की गई थी। इसका उद्देश्य नागरिकों को यथासंभव सरल और त्वरित न्याय प्रदान करना है। सर्वोच्च न्यायालय ने अपनी पचहत्तरवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में यह पहल की है। लोक अदालतें सुलभ और कुशल न्याय प्रदान करती हैं, जो त्वरित और किफायती होती हैं। कल लोक अदालत के अंतिम दिन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि इस लोक अदालत में एक हजार से अधिक मामलों का निपटान किया गया। श्री मेघवाल ने कहा कि मध्यस्थता के माध्यम से समाधान करना भारतीय संस्कृति की परम्परा है। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीश डी वाई चन्द्रचूड ने कहा कि लोक अदालत का उद्देश्य नागरिकों के लिए न्याय प्रक्रिया को सुगम बनाना है।

<><><><><><>

पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए मलयाली समुदाय की ओर से आज तड़के कावाईन्स कोव तट पर पूजा अर्चना के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और अपने प्रियजनों की आत्मा की शांति के लिए पूजा अर्चना की।

<><><><><><>

एम वी स्वराजद्वीप सात अगस्त को शाम चार बजे पोर्ट ब्लेयर से कोलकाता के लिए रवाना होगा। इस यात्रा के लिए टिकट आज से ई–टिकटिंग पोर्टल पर उपलब्ध रहेगा। आम जनता कल से स्टार्स टिकटिंग काउंटर से सुबह नौ से शाम चार बजे के बीच टिकट खरीद सकते हैं।

<><><><><><>

कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती मनाए जाने के सिलसिले में गांधी ग्लोबल फैमिली पोर्ट ब्लेयर की ओर से लेह लददाख में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। पांच और छह अगस्त को लेह में तथा आठ और नौ अगस्त को कारगिल में आयोजित होने वाले शिविर में मुख्यभूमि के संस्थानों का सहयोग भी लिया जाएगा और जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयां और पढ़ने के चश्मों का वितरण किया जाएगा।

<><><><><><>